कलेक्टर ने जल भराव क्षेत्रों का दौरा कर ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त के दिये निर्देश

- गंदे पानी की निकासी के नाले की दीवार टूटी होने पर जताई नाराजगी

खैरथल/भिवाडी, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला ने वर्षा ऋतु के कारण भिवाडी में हुए जल भराव क्षेत्रों का दौरा किया। जिला कलेक्टर ने ततारपुर गांव से निकल रहे राजमार्ग 25 पर हो रहे जल भराव को गंभीरता से लेते हुए रिडकोर के अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त कर सडक पर भर रहे पानी को निष्कासित कराने के निर्देश दिए तथा एसबीएम के अधिकारियों को गांव की नालियों की सफाई कराने के लिए कहा है। इस दौरान जिला कलेक्टर को महिलाओं ने जल भराव से हो रही समस्या से अवगत कराया।

कलेक्टर ने भिवाडी में वर्षा ऋतु के कारण अलवर-भिवाडी बाईपास पर हुए जल भराव का निरीक्षण किया एवं निकासी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बीडा के मुख्य नाले एवं पार्श्वनाथ नाले का निरीक्षण किया तथा मौके पर पानी के सैंपल भरवाए। पार्श्वनाथ पर अवैध रूप से नाले की दीवार तोडने वाले असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने एवं भविष्य में ऐसा करने वालों की पहचान कर कार्रवाही करने के निर्देश दिए।

इसके बाद बीडा स्टेडियम में डाइवर्ट किए वर्षा ऋतु के पानी का निरीक्षण किया एवं सभी विभागों द्वारा भिवाडी जल भराव से निपटने हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन जिला अस्पताल में डॉक्टर्स दिवस पर पौधारोपण कर सभी से इस वर्षा ऋतु में "एक पेड मां के नाम" अभियान में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने भी अस्पताल में पौधारोपण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलोनी खेमका, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाडी अश्विन के पवार, उपखंड अधिकारी टपूकडा सत्यनारायण, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित शर्मा, वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी रीको ज्ञानेंद्र शर्मा, अधिशासी अधिकारी बीड़ा अशोक मदान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पौधारोपण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, पीएमओ जिला अस्पताल भिवाडी सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

भिवाड़ी में जल भराव समस्या ग्रस्त क्षेत्र का कलेक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों के साथ दौरा कर निरीक्षण किया।

संक्षिप्त

शर्मिष्ठा सरोवर में पौधारोपण किया

सांभरझील, (निसं)। मानसून के आगमन के साथ ही जगह-जगह पौधारोपण लगाने का दौर शुरू हो चुका है। दाधीच सागर में हीरा देवी की स्मृति में शर्मिष्ठा सरोवर में वीएचपी की तरफ से जामुन, चमेली, अशोक, चंपा, नीम आदि के पौधे लगाए गए। इस मौके पर नवल किशोर जांगिड़, कृष्ण अवतार जोनी चावला, वकील सुनील शर्मा, दिनेश शर्मा, राम सिंह बन्ना, विजय प्रजापति, हनुमान गुर्जर, नीतेश गोयल, हीरालाल तंवर, विकास शर्मा सहित अनेक की मौजूदगी रही। सभी ने एक पौधे के रखरखाव और बड़ा होने तक नियमित पानी पिलाने तथा ध्यान रखने का संकल्प लिया।

कुलदीप शर्मा बने उपाध्यक्ष

दौसा, (निसं)। दौसा निवासी कुलदीप शर्मा को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शासन सचिवालय, जयपुर के प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष बनने पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शर्मा वर्तमान में शासन सचिवालय, जयपुर के कार्मिक विभाग में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत है। इस शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, अध्यक्ष मुख्य सचिव सुधांश पंत रहे। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग, सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश शर्मा व अन्य उच्च अधिकारीगण, सचिवालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्षगण व सचिवालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महावीर सुराशाही बने अध्यक्ष

मालपुरा, (निसं)। अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में सोमवार को अग्रवाल समाज चौरासी की पदाधिकारियो की बैठक आयोजित की गई। चातुर्मास समिति गठन व आयोजन को लेकर हुई बैठक मे महावीर प्रसाद सुराशाही को धुव फण्ड मुनी सेवा चातुर्मास समिति का सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज के 2024 के वर्षायोग अग्रवाल सेवा सदन में होने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अग्रवाल समाज चौरासी संरक्षक हुकुम चन्द जैन, अध्यक्ष अनिल सुराशाही, वर्षायोग समिति के महामंत्री विमल कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

बाइक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

दूदू, (निसं)। जिले के अधीन मोजमाबाद थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव महला से गत दो माह पूर्व चुराई गई बुलेट मोटरसाइकिल के दर्ज प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। थाना प्रभारी संजय मीणा ने बताया कि 11 अप्रैल को दिनेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया की मैं नाई की दुकान पर कटिंग करवाने गया था कटिंग करवा कर वापस आया तो बुलेट मोटरसाइकिल नहीं मिली। प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी रिछपाल सिंह राकेश गुर्जर निवासी आदरवा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी गई।

दो कारों की भिड़ंत, हादसा टला

मालपुरा (निस) दूदू छाण स्टेट हाईवे के टोडारायसिंह सडक मार्ग पर अम्बापुरा के पास सोमवार की दोपहर को दो लग्जरी कारो मे हुई भिडंत मे कारे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कारों का धमाका व भिडंत की धमाके की आवाज से आसपास के मकानों व खेतों में काम कर रहे लोग सहम गये। दोनो कारो के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से कार सवार चार जने मामूली रूप से चोटिल हुये तथा कोई बडा हादसा व जनहानी होने से बाल-बाल बच गई।

समीक्षात्मक बैठक 8 जुलाई को

दौसा, (निसं)। बीस सूत्री कार्यक्रम की द्वितीय स्तरीय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में 8 जुलाई को सांय 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभा भवन में आयोजित की जावेगी।

सांभर में जरूरी ट्रेनों का ठहराव नहीं, यात्री परेशान

सांभरझील, (निसं)। सांभर रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से दैनिक रेल यात्रियों के अलावा सैकडों लोग लंबे समय से दुखी हैं। पूर्व सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड को भी कई दफा सांभर के लोगों ने अवगत कराना बताया लेकिन एक भी ट्रेन रोकने में उनको कामयाबी नहीं मिली। दैनिक रेल यात्रियों में इसको लेकर लंबे समय से गहरी नाराजगी है।

विगत सालों में भाजपा की ओर से ऐसा कोई दबाव नहीं बनाया गया जिससे सांसद को ट्रेन रोकने के लिए मजबूर होना पडे। पूर्व सांसद राठौड की अनदेखी के कारण सांभर के लोगों में अंदरुनी काफी नाराजगी रही थी, की दो दफा सांसद का सुख भोगने के बाद भी सांभर का दुख दूर नहीं कर पाए। जयपुर ग्रामीण क्षेत्र से लोकसभा की सीट पर जीतकर आए राव राजेंद्र सिंह से अब यहां के लोगों को उम्मीद जगी है। उन्होंने विगत दिनों ही अपने संसदीय क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर जरूरी ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर उन्हें इस हेतु अनुरोध किया है। सांभर दैनिक रेल यात्री संघ से जुडे पदाधिकारियों का कहना है कि साँभर से जयपुर, गांधी नगर, दौसा, बांदीकुई, कुचामन, मकराना, मेडता तक प्रतिदिन लगभग 6-7 हजार व्यक्ति ट्रेन के माध्यम से आजीविका हेतु अप-डाउन करते है।

साँभर में ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण बहुत अनियमितता के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। सांभर में प्लेटफार्म नं. 01 से 02 पर जाने के लिए पुलिया नहीं होने के कारण वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों को काफी परेशानी होती है। पटरी पार करना कानूनी अपराध होता है। लेकिन मजबूरी के कारण ट्रैन में बैठने के लिए लोगों को पटरी पार करनी पडती है जिससे हादसा होने का डर हमेशा बना रहता है।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

चाकसू, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपवास में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का संस्था प्रधान ललिता हजारी की अगुवाई में गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत किया।

विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सीताराम जाट ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 24 जून से अध्यापकों के लिए विद्यालय आना अनिवार्य हो गया था। जिसके दरमियान अध्यापकों ने गांव में घर-घर जाकर शिक्षा की अलख जगाने के साथ ही सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सरकारी योजनाओं से लेकर परीक्षा परिणामों का प्रचार प्रसार ढंग से किया। जिसके परिणामस्वरूप रूपवास विद्यालय में नियमित रूप से सोमवार से स्कूल शुरू होने पर लगभग दस से अधिक नव विद्यार्थियों के विद्यालय में प्रवेशित होने पर विद्यालय स्टाफ एवं एसडीएमसी के सदस्यों ने तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत के साथ विद्यालय में प्रवेश करवाया।

अखंड भारत दिवस, अमरनाथ यात्रा कार्यक्रमों की जानकारी दी

- विश्व हिन्दू परिषद की कोटपूतली में बैठक आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में एक जुलाई सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला मंत्री महावीर सिंह ने आगामी स्थापना दिवस, अखंड भारत दिवस, अमरनाथ यात्रा आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस (जन्माष्टमी) कार्यक्रम जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक मनाने का लक्ष्य लिया। जिलाध्यक्ष रामविलास सिंघल ने इस अवसर पर बताया कि यह संक्रमण काल है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह प्रत्येक हिन्दू में हिंदुत्व का भाव जाग्रत करें। वह राष्ट्र हित, धर्म हित से ओतप्रोत हो। वही जिला संयोजक नेमीचंद ने इस अवसर पर प्रतिवर्ष बजरंग दल द्वारा बूढा अमरनाथ यात्रा के बारे में विस्तार से बताया तथा कार्यकर्ताओं से इस यात्रा में भाग लेने का आव्हान किया। बजरंग दल जिला सह संयोजक सुरेंद्र, सुनीता कंवर ने साप्ताहिक सत्संग के बारे में बताया। इस मौके पर नगर सुरक्षा प्रमुख गौरव पांडे, नगर बलोपासना प्रमुख अमरजीत सोनी को नवीन दायित्व दिया गया। बजरंग दल नगर संयोजक हुकम सिंह लखेरा ने बताया कि बजरंग दल की ईकाई हर खंड व प्रखंड तक कार्यकारिणी का गठन कर आगामी दिनों में अखण्ड भारत के कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इस दौरान जिला सहमंत्री अशोक कोठाला, कोष अध्यक्ष रामसिंह सैनी, नरेंद्र सिंह चौहान, अशोक राजोरा, वीरेन्द्र सैनी, नरेंद्र हिन्दू, हुकम सिंह लखेरा, पिंकी, बाला, राजेन्द्र, संदीप सैनी, तूफान सोनी, नरेंद्र सिंह, किशोर कुमार सैनी, संजय हिन्दू, मनीष जोशी, अक्षत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पौधारोपण दिवस मनाया

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के ग्राम मोहनपुरा में अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स एवं कॉलोनी परिसर में पौधारोपण दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि यूनिट हैड नितिन दुराफे ने कार्यक्रम का विधिवत रूप से आरम्भ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने के साथ-साथ हमारे आसपास के जीव जन्तुओं का संरक्षण करना ही हमारा प्रमुख उद्धेश्य है। हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर अपने आसपास के पर्यावरण को बचाने के प्रयास करने चाहिये। युनिट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए लगभग 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जो कॉलोनी, प्लांट व माईन्स परिसर में लगाये जायेगें। विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष वित्त अविनाश चौधरी, उपाध्यक्ष तकनीकी जसमीन भावसर, उपाध्यक्ष माइन्स भूपेन्द्र खोरपिया रहे। संचालन सूरज शर्मा व प्रवीण द्वारा किया गया। इस अवसर पर महारैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष व अधिकारीगण, मंजरी महिला मंडल कार्यकारिणी सदस्यगण, महिलायें व बच्चे सहित 200 से ज्यादा लोग मौजूद रहें।

हेमराज जिंदल का किया स्वागत

चाकसू, (निसं)। अग्रवाल समाज चाकसू द्वारा हेमराज जिंदल कोटा को अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर चाकसू में प्रथम आगमन पर अग्रवाल समाज द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इसमें अठावाल समाज के अध्यक्ष बाल मुकुंद, मंत्री भागचंद, जुगल किशोर गर्ग, कैलाश गर्ग, राजेंद्र बजाज, रमेश गोयल, नवल बिंदल, अशोक गर्ग, राजेश गर्ग आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल के साथ निखिल अग्रवाल कोटा जिला आईटी संयोजक व सुरेंद्र अग्रवाल कोटा वरिष्ठ उपाध्यक्ष का भी स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल ने समाज को एकजुट रहकर समाज को आगे बढने की बात कही।

कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : डॉ. माधव सिंह

- एसबीएन पीजी कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर में एसबीएन - सीईटी एक्जाम- 2024 का परीक्षा परिणाम एवं प्रतिभाओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया।

संस्था के निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल, सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल, प्राचार्य डॉ. एसके जाट, एसबीएन विद्यालय प्राचार्य सागरमल चौधरी ने बताया एसबीएन सीईटी एग्जाम 2024 का परीक्षा परिणाम मुख्य अतिथि डॉ. माधव सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ पाणिनि नीमड सहआचार्य राजकीय महाविद्यालय खंडेला, दिलीप शर्मा विभाग प्रचारक प्रमुख आरएसएस व सामाजिक कार्यकर्ता ने मां सरस्वती के समक्ष से द्वीप प्रचलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस मौके पर डॉक्टर माधव सिंह ने बताया कि कडी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है इसलिए मेहनत करें वह आगे बढे। इस अवसर पर सिईटी-यूजी आर्ट्स व साइंस तथा पीजी आर्ट्स में साइंस वर्ग में टॉप करने वाले परीक्षार्थियों को प्रत्येक वर्ग में 1 से लेकर 20वीं रैंक तक इनामें दी गई। जिसमें मोबाइल फोन, वॉटर बॉटल्स, फाइल फोल्डर, पेन स्टैंड तथा एक-एक पौधा वितरित किया गया साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर प्रत्येक प्रतिभागी व अभिभावकों को भी पौधे वितरित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ माधव सिंह, संस्था निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पीजी कला वर्ग में प्रथम रैंक अभिलाषा चौधरी, पीजी विज्ञान वर्ग में प्रथम रैंक सचिन कुमावत, यूजी कला वर्ग में प्रथम रैंक अनिल कुमार, यूजी विज्ञान वर्ग में प्रथम रैंक विशाल बारोलिया ने प्राप्त की। जिनको पुरस्कार स्वरूप मोबाइल फोन प्रशस्ति पत्र और दुपट्टा पहनाकर, पोधै देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के ओमप्रकाश शर्मा, बनवारी लाल जीतरवाल, दीपक सैनी, श्रवण महला, धर्मेंद्र जीतरवाल, ओमप्रकाश वर्मा, जितेंद्र निठारवाल, झाबरमल, मदनलाल सैनी, रविराज शर्मा, ज्योति जाखड, रसना सैनी, ज्योत्सना स्वामी, हंसा शर्मा, अनीता दुसाद एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

प्रत्येक वर्ग के विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप मोबाइल फोन प्रशस्ति पत्र और दुपट्टा पहनाकर, पौधे देकर सम्मानित किया गया।

डायरिया रोको अभियान का आगाज

कोटपूतली, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान चलाया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के दौरान जल जनित रोग बढ जाते हैं। इसको देखते हुए विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये है। डायरिया से होने वाली मृत्यु अधिकांशत कच्ची बस्ती क्षेत्र कमजोर और पिछडे हुए क्षेत्र व साफ पानी की कमी से होते हैं। अभियान का उद्देश्य 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करना तथा आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर पर ओआरएस व जिंक की व्यवस्था करके रोकथाम, सुरक्षा और उपचार सुनिश्चित करना, मानक प्रोटोकॉल आधारित उपचार, आंगनवाडी केंद्रों के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में ओआरएस-जिंक कॉर्नर की स्थापना, वाश प्रथाओं को बढावा देना आदि है। डीएनओ रविकांत जांगिड ने बताया कि इसके लिए स्कूलों में जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। जिले में जन स्वास्थ्य समितियों और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियों का सहयोग भी लिया जायेगा एवं पेयजल की नियमित जांच करवाई जायेगी। इसके लिए सभी चिकित्सा संस्थानों पर ओआरएस और जिंक कॉर्नर भी स्थापित किये जायेगें। कार्यक्रम का जिला नोडल प्रभारी डिप्टी सीएमएचओ डॉ. जयभगवान यादव को बनाया गया है।

सार-समाचार

स्कूल में वाटर कूलर व कुर्सियां सौंपी

टोंक, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवडावास में कार्यरत शिक्षकों ने सोमवार को स्कूल प्रबन्धन को वाटर कूलर व कुर्सियां भेट की है। स्कूल के मीडिया प्रभारी शिक्षक तुलसीराम गौत्तम ने बताया कि शिक्षक रमेश शर्मा ने स्कूल को 10 कुर्सिया भेट की, वही शिक्षिका अनीता राजवंशी पत्नी शिक्षक दिपक भंवरिया की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए पूर्व में शिक्षिका रही राजवंशी जो वर्तमान में पहाडी राजकीय सी.सै. स्कूल पदस्थापित है, जिन्होने पानी की समस्या को देखते हुए बच्चो को साफ व ठण्डा पानी उपलब्ध हो सके इसलिए स्कूल प्रबन्धन को वाटर कूलर भेट किया। जिस पर अभिभावको, शिक्षको व ग्रामीणों द्वारा सराहा गया है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य जय कुमार जैन ने इनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक रमेश शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को भोजन करवाया। इस दौरान उपप्रधानाचार्य दयानन्द वर्मा, कमलेश मेघवंशी, रघुनन्दन पंचोली, सुवाला रेगर, रामदयाल बैरवा, इत्यादि शिक्षक व छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

ए.डी.एम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

दूदू, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने सोमवार को दूदू व मोखमपुरा पटवार मंडल व भू-अभिलेख निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पटवार मंडलों में दैनिक डायरी व घटना बही की जांच की और दैनिक डायरी को नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने पटवार भवन पर कार्यालय का नाम, सबंधित पटवारी के दूरभाष नंबर एवं सूचना पट्ट का अवलोकन किया और सूचना पट्ट पर काश्तकारों व आमजन से संबंधित सूचनाओं का अंकन करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने पटवार मंडल पर उपलब्ध रिकॉर्ड, सिंचाई रजिस्टर, ढाल बान्छ को संधारित करने तथा भू-राजस्व कार्यो व बकाया मांग वसूली तुरन्त शुरू करने के निर्देश दिए।

क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल भवन स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से कोटपूतली-बहरोड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव, प्रवक्ता पद का मनोनयन किया गया। संघ के सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया कि संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी के विस्तार हेतु बैठक आहुत की गई। जिसमें सदस्यों व पदाधिकारियों के निर्णयानुसार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर रिंकू यादव, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव पद पर सुरेश कुमार सूठवाल, विभागीय समिति प्रवक्ता पद पर मनीष सैनी को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं जलदाय विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार, वासुदेव शर्मा, सुशील शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, कुलदीप शर्मा, श्रम विभाग के रमेश तिवाडी ने माल्यार्पण कर सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में जितेंद्र भारद्वाज, राकेश गुर्जर, सतीश कुमार, योगेश कुमार शर्मा व सुभाष यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

शाहपुरा, (निसं)। उपखंड शाहपुरा के गांव बिदारा में राउमावि बिदारा के परिसर में राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पारूल तंवर, आंगनबाडी कार्यकर्ता रोशनी वर्मा, सहयोगिनी मीरा शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर आदि ने नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने बताया कि डब्ल्यूएचओ ने भारत को 2014 में पोलियो मुक्त घोषित कर दिया था। गांव के 0 से 5 वर्ष तक के बालकों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को सोमवार को डोर टू डोर, कच्ची बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों व आंगनबाडी केंद्रों पर दवा पिलाई गईइस दौरान बालकों को दवा पिलाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। इस दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ता सुमन सैन, भुमिका, गुंजन, ख्वाहिश, चित्रा सहित परिजन उपस्थित रहे।

शिविर में 41 रोगियों ने लिया परामर्श

अलवर, (निसं)। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आयुष्मान अलवर अभियान के तहत जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर के सहयोग से जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बुद्ध विहार ए ब्लॉक अलवर में नि:शुल्क बी.पी, शुगर एवं स्त्री रोग आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन 1 जुलाई को प्रात: 9 से 1 बजे तक किया गया।चिकित्सा शिविर में डॉ सुमन यादव, डॉ प्रियंका आहूजा एवं डॉ पवन सिंह शेखावत द्वारा रोगियों को रक्तचाप विकार, मधुमेह, स्त्री रोग प्रदर विकार, महावारी विकार, पीसीओडी, गर्भाशयगत विकारों के लिए 41 रोगियों को चिकित्सा परामर्श देकर नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में 30 रोगियों की नि:शुल्क बीपी, शुगर की जांच की गई। डॉ पवन सिंह शेखावत द्वारा इस अवसर पर वर्षा ऋतु में उचित आहार विहार की जानकारी रोगियों को दी गई। शिविर में नर्सिंगकर्मी भुवनेश शर्मा, नत्थी लाल सैन, रेखा सहित जगदीश, ईशा, निर्मला एवं उषा का सहयोग रहा।

विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत मुख्यालय करेडा बुजुर्ग में विधायक रामसहाय वर्मा की उपस्थिति में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में चनानी, दतवास, गुन्सी, दहलोद, मूण्डिया, सैदरिया खुर्द, तुर्किया, हिंगोनिया बुजुर्ग, करेडा बुजुर्ग व लुहारा के ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को अपनी समस्याएं बताई। विधायक ने उपस्थित उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में आए परीवादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी सुरेश हरसोलिया, भाजपा अरनिया मंडल अध्यक्ष देवराज गुर्जर, उपाध्यक्ष चिरंजीलाल झांपडी, भाजपा वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, सांवरिया सोनी व हनुमान गुर्जर रजवास सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

शरद यादव की जयंती पर वृक्षारोपण

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा में एड. दिनेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय मंत्री व जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. शरद यादव की 77वीं जयंती पर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर स्व. शरद यादव के राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान राजेंद्र शर्मा, कमलेश मंगल, नीरज शर्मा, जोगेंद्र यादव, हीरालाल यादव, अनिल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, पूरण जाट, सौरव मंगल, कैलाश कुमावत, विकास अग्रवाल, रूपेश, दीपक मंगल, सुरेंद्र गोयल, पूरण आर्य, संदीप, बंटी यादव, नेतराम शर्मा व कालूराम चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पौधारोपण करके डॉक्टर्स डे मनाया

टोंक, (निसं)। डॉक्टर्स डे पर इनरव्हील क्लब टोंक और रोटरी क्लब टोंक के द्वारा संयुक्त रूप से सरकारी और गैर सरकारी डॉक्टर्स का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष दीपिका सिंघल, सचिव श्वेता सिंघल, इनरव्हील क्लब न्यू जेन की अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंघल, रोटरी क्लब के मोईन निजाम, के.आर. खान, कलीम अहमद, ब्रजमोहन गुप्ता अशोक कक्कड और अधिवक्ता प्रेमचंद जैन क्लब के सदस्यों के साथ सआदत अस्पताल गए और वहां उन्होंने सभी डॉक्टर्स को माला पहनाई और उन्हें बधाई दी।

इसके बाद महिला चिकित्सालय जाकर वंहा सभी डॉक्टर्स का अभिनन्दन किया। 75000 से अधिक सिजेरियन ऑपरेशन कर रिकॉर्ड बनाने वाली डॉ गीता माहेश्वरी के जाकर उनका तथा उनके पति डॉ गोपाल माहेश्वरी, डॉ शशि कुर्मी और डॉ अर्चना सिंघल का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। सीए प्रभा गोयल का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। **श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर में डॉक्टर्स डे पर श्रीमाधोपुर शहर के सरकारी अस्पताल एवं सभी प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों एवं उनके सहयोगियों का उनके सराहनीय सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान के लिए सम्मान किया गया। सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि इस मौके पर सागरमल हलवाई, ललित कुमार सैनी एवं सागरमल सैनी आदि उपस्थित रहे।

फुलेरा। फुलेरा उपजिला चिकित्सालय पर सोमवार को दोपहर 2 बजे नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पर पुष्पमाला तथा पुष्प गुच्छ देकर सभी डॉक्टर्स को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षाविद शक्ति सिंह ने कहा कि यह विशेष दिन देश के सुप्रसिद्ध डॉक्टर विधान चन्द्र राय को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स वास्तविक संसार के हीरो होते हैं जो हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। डॉक्टर्स को इस धरती का दूसरा भगवान कहा जाता है। जिससे डॉ की महता का पता चलता है। कार्यक्रम के दौरान उपजिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ संजय शर्मा, डॉ महेश कडेल, डॉ.धर्मेन्द्र भामू, डॉ.मनोज बियानी, डॉ.आदित्य राठौड, डॉ विकास शर्मा, डॉ सरोज बासनीवाल, स्टोर प्रभारी प्रवीण वर्मा, इकरामुद्दीन कुरैशी, पुखराज वर्मा आदि को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी गई।

निवाई। राजकीय सामुदायिक अस्पताल परिसर में डॉक्टर्स डे मनाया गया। जिसको लेकर चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण करके अधिक से अधिक पेड लगाने का आव्हान किया। अरिसदा सचिव डॉ. शैलेन्द्र चौधरी एवं अध्यक्ष डॉ. मुकेश चौधरी ने बताया कि डॉक्टरस डे पर सघन पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर परिसर में नीम, गुलमोहर, अमलताश व आम सहित कई पौधे रोपित किए गए। इसी प्रकार राजस्थान नर्सेज एसोसियशन एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष पवन मीणा के सानिध्य में पौधारोपण करके हरित एवं स्वच्छ भारत का संदेश दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने बताया कि अस्पताल परिसर में राजस्थान नर्सेज एसोसियशन एकिकृत के पदाधिकारियों ने पौधारोपण करके पौधो का संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. केके विजेय, डॉ. राजेश जैन, डॉ. योगेन्दग विजय, डॉ.श्रीराम कटारिया, डॉ. योगेन्द्रसिंह, डॉ. अभिषेक ओझा, डॉ. ओमनारायण मीणा, डॉ. रामजीलाल बैरवा, डॉ. ममता बिजारनिया, डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. पीएन बैरवा, नर्सिंग ऑफिसर कृष्णकांत, कमलेश, उमेश पारीक, अरविंद कराडीया, श्योजीलाल यादव, सुरेश शर्मा, दिनेश, टीकाराम शर्मा, रामा चौधरी, मुकेश अटल, उगन्ती गुर्जर, रीना गुर्जर, सोनी गुर्जर, कृष्णा व दुर्गा मीणा सहित नर्सिंग ऑफिसर मौजूद थे।

डॉक्टर्स डे पर इनरव्हील क्लब टोंक और रोटरी क्लब टोंक के द्वारा सरकारी-गैर सरकारी डॉक्टर्स का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का आगाज

कोटपूतली, (निसं)। पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप विधायक हंसराज पटेल ने सोमवार को विधायक कार्यालय पर अपनी माताजी के साथ पेड़ लगाकर क्षेत्र में एक पेड माँ के नाम अभियान का आगाज किया। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को अपनी पूज्य माँ के साथ या उनकी पुण्य स्मृति में ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने का संदेश दिया था। अभियान के अनुरूप विधायक पटेल ने भी पेड लगाकर अपनी माताजी का आशीर्वाद ग्रहण किया साथ ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड लगाने का संदेश दिया। पटेल ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व पारिस्थितिकी की संतुलन का आधार है। जिस तरह से एक माँ अपने बच्चे का पालन पोषण करती है, उसी प्रकार प्रकृति रूपी धरती माँ भी हमारा पालन-पोषण करती है।

डॉ. राहुल अग्रवाल
प्रथम पुण्यतिथी
आपके आदर्श, स्नेह मधुर स्मृति, सदैव हमारे प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।
आज हम सभी परिवारजन आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनतः डॉ. शैलजा अग्रवाल (पत्नी), शशांक अग्रवाल "एडवोकेट"-वर्णिका (पुत्र-पुत्रवधू), नंदिता-रौनक (पुत्री-दामाद), शिवेन, शिवांग (पौत्र) एवं समस्त परिवारजन
10.06.1955 - 02.07.2023
सतीश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल चेरेटेबिल ट्रस्ट
RA&SS